भारतीय जैन मिलन के आतिथ्य में 39 वां क्षेत्रीय अधिवेशन आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 मार्च. मानव सेवा और धार्मिक प्रभावन में अग्रणी भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमाक – 2 के आतिथ्य में 39 वां क्षेत्रीय अधिवेशन रविवार को माधव डिस्पेंसरी के सामने स्थित जैन छात्रावास में आयोजित हुआ। भारतीय जैन मिलन की श्रेष्ठ शाखाओं ने मानव सेवा के क्षेत्र में पर्यावरण, शिक्षा, शिविर, नेत्र ऑपरेशन, गरीब बच्चियों की शादी, रक्तदान आदि कार्यों के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल थे। समारोह गौरव जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन महेंद्र टोंग्या' थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेंद्र जैन सागर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन दिल्ली, राष्ट्रीय संरक्षक बालचंद्र जैन, प्रवीण गंगवाल ग्वालियर, राष्ट्रीय संरक्षक बालचंद्र जैन, उपाध्यक्ष देवेंद्र जैन, संयुक्त मंत्री मुकेश जैन, राजीव

जैन, अनीता जैन एवं कार्यकारी चेयरमैन निर्मल पाटनी थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन एवं क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन विशेष रूप से मंच पर मौजूद रहे।

समारोह का शुभारंभ इंजी पी.के जैन ने ध्वजारोहण कर किया। वहीं मंच का उद्घाटन जयकुमार जैन एवं भगवान महावीर के चित्र का अनावरण अतुल गरिमा जैन शिवपुरी और दीप प्रज्ज्वलन कर्ता दीपक मंजू जैन परिवार ने किया। महावीर प्रार्थना गायन सोनल जैन ने किया। वहीं कार्यक्रम की समन्वयक शीला जैन टोंग्या ने स्वागत उद्बोधन और समन्वयक राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष राजेश जैन ने अधिवेशन रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन प्रचार अध्यक्ष राजेश जैन बंटी और आभार व्यक्त क्षेत्रीय सचिव कमलेश जैन माना। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन ने ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, भिण्ड, दतिया, भितरवार, श्योपुर, डबरा, मोहना गौरमी, जौरा, बमौर व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आए अतिथियों व शाखाओं के अध्यक्ष मंत्रियों का अभिवादन किया। सचिवीय प्रतिवेदन क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन ने सदन के समक्ष पढ़ कर प्रस्तुत किया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि यह मंच कोई साधारण नहीं यह आपके श्रेष्ठ कार्यों के सम्मान का मंच हे ।सेवा, लगन, ही मानवसेवा का प्रतीक हैं। सगंठन में बहुत बड़ी शक्ति होती है। अधिवेशन में अतिथियों ने समाजसेवी स्व लालचंद रांवका की स्मृति में लाल अवार्ड से ज्ञानचंद जैन को सम्मान किया। वहीं 39 वे अधिवेशन के प्रथम बार लाइफ टाइम आवर्ड से सम्मान सुरेन्द्र कुमार पंड्या एवं शाखा ऑफ दा इयर जैन मिलन ग्वालियर को नवाजा गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि अधिवेशन में मानवसेवा कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ शाखाओं में जैन मिलन युवा एवं महिला नेमीनाथ दानाओली, जैन मिलन महिला रत्नात्रय विनय नगर,जैन मिलन महिला चंदना भिण्ड, जैन मिलन बालिका मुरैना ,जैन मिलन महिला महानगर, जैन मिलन महिला पार्श्वनाथ चेतकपुरी सहित को मिला। वहीं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार अध्यक्ष ऋषभ जैन नेमीनाथ, अध्यक्ष मुकेश पहाड़िया जैन मिलन ग्वालियर, अध्यक्ष नीलम जैन नेमिनाथ, अध्यक्ष मीनू भौंच महानगर, अध्यक्ष दिनेश जैन एडवोकेट डबरा को मिला। सर्व श्रेष्ठ मंत्री मृणाल क्षेत्रपाल जैन मिलन ग्वालियर, अलका जैन भिंड, सत्य शालिनी जैन सिटी सेंटर, साक्षी जैन मुरैना, नेहा जैन विनय नगर को मिला।

महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर आज निकलेगी रथयात्रा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 मार्च. जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च को महावीर जंयती महोत्सव समिति एवं अखिल जैन समाज वृहत्तर ग्वालियर ओर से परम पूज्य गुरुदेव मुनिश्री अनुमान सागर जी महाराज ओर मुनिश्री अनुकरण सागरजी महाराज के सानिध्य में बडी धूमधाम के साथ आयोजित किए जाएंगे।

रथयात्रा में मुनिश्री अनुमान सागर और मुनिश्री अनुकरण सागर होंगे सम्मिलित

30 मार्च सोमवार को प्रात: 7–00 बजे से दौलतगंज जैन मंदिर से मुनिश्री अनुमान सागर जी ओर मुनिश्री अनुकरण सागरजी महाराज के सानिध्य में देव, शास्त्र, गुरू की विशाल रथयात्रा प्रारंभ होगी। यह रथयात्रा दौलतगंज से शुरू होकर फालका बाजार, राम मंदिर, गस्त का ताजिया, डीडवाना ओली, सराफा बाजार, जीवाजी चैक, माधवगंज, मोर बाजार, दाना ओली से नई सड़क स्थित चंपाबाग बगीची पहुंचेगी। रथयात्रा जिस मार्गो से गुजरेगी उस रास्ते पर जैन समाज के लोग स्वागत गेट लगाकर मुनिश्री एवं रथ मे विराजमान भगवान महावीर स्वामी की भव्य आरती उतारेंगे। रथयात्रा में विभिन्न शाखाओं की महिलाओ के द्वारा डांडिया नृत्य होगा। रथयात्रा कार्यकम स्थल चंपाबाग बगीची पहुंचने पर भगवान महावीर स्वामी का कलशों से अभिषेक के उपरांत मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगे।

ग्वालियर जिले में आज रहेगा महावीर जयंती का अवकाश

ग्वालियर 29 मार्च. ग्वालियर जिले में अब 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश रहेगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुपालन में जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थतियो के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा यह अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में 'महावीर जयंती' के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को अवकाश घोषित था। अब ग्वालियर जिले में 30 मार्च 2026 (सोमवार) को सामान्य एवं सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।









स्याद्वाद युवा क्लब की अनूठी पहल : महावीर जन्मोत्सव पर धर्म से जुड़ते युवा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 मार्च. भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर स्याद्वाद युवा क्लब द्वारा समस्त समाज को हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं। इस शुभ अवसर पर क्लब ने अपने संकल्प को दोहराते हुए युवाओं को धर्म, संस्कार और सेवा से जोड़ने की दिशा में अपने प्रयासों को और सशक्त करने का संदेश दिया।

स्याद्वाद युवा क्लब पिछले कई वर्षों से एक अनूठी धार्मिक पहल के तहत प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में साप्ताहिक अभिषेक का आयोजन करता आ रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आधुनिक जीवनशैली के साथ-साथ अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ना है, ताकि वे आध्यात्मिक मूल्यों को समझ सकें और अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।

क्लब के सदस्यों का मानना है कि आज के दौर में युवा पीढ़ी को सही दिशा और सकारात्मक ऊर्जा की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे धर्म के माध्यम से सहज रूप से प्राप्त किया जा सकता है। साप्ताहिक अभिषेक के माध्यम से न केवल धार्मिक वातावरण का सृजन होता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव और एकता की भावना भी विकसित होती है। महावीर जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर क्लब ने समाज के सभी युवाओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक अभियान से जुड़कर अपने जीवन को आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करें।स्याद्वाद युवा क्लब का यह प्रयास न केवल धर्म प्रचार का माध्यम बन रहा है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है विश्व कल्याण

ग्वालियर 29 मार्च. चैत्र मास के पावन अवसर पर भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में झुनझुनू सैनिक एकेडमी के डायरेक्टर और शिक्षाविद् चेतन सिंह बघेल ने समस्त जैन समाज (दिगंबर एवं श्वेतांबर) सहित देशवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर के जीवन और उनकी शिक्षाओं को आज के आधुनिक युग में सबसे अधिक प्रासंगिक बताया चेतन सिंह बघेल ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएँ किसी एक संप्रदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए हैं चाहे दिगंबर परंपरा हो या श्वेतांबर, दोनों ही मार्ग हमें त्याग, तपस्या और सादगी का संदेश देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान महावीर ने हमें सिखाया कि अपनी इंद्रियों पर विजय पाना ही सच्ची जीत है.

मानवता और धर्म की सेवा में समर्पित : युवा जैन मिलन नेमीनाथ परिवार का बढ़ता कारवां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 मार्च. ग्वालियर सेवा परमो धर्म के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए युवा जैन मिलन नेमीनाथ परिवार वर्ष 2025-26 के कार्यकाल में समाज सेवा और आध्यात्मिक जागृति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और शाखा संस्थापक अतिवीर रवि जैन सिद्ध मोबाइल के मार्गदर्शन में यह संस्था आज युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि सारांश पाठशाला' का सफल संचालन है। इस पाठशाला के माध्यम से 250 से अधिक बच्चे जैन धर्म के संस्कारों, नैतिकता और अपनी संस्कृति से जुड़ रहे हैं। केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि बड़ों के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज का हर वर्ग धर्म के मर्म को समझ सके।

दीन-दुखियों की सेवा और सामाजिक सरोकार 41 ऊर्जावान सदस्यों वाली यह टीम केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है। संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन और स्वच्छ पेयजल का वितरण। गरीब परिवारों को मौसम के अनुसार वस्त्र उपलब्ध कराना। समाज के सहयोग से विभिन्न परोपकारी कार्यों का संपादन किया जाता है।

धार्मिक प्रभावना और गुरु भक्ति

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के भव्य स्वागत से लेकर पूज्य महाराज जी के विहार में कदम-से-कदम मिलाकर चलना, इन युवा सदस्यों की अटूट आस्था को दर्शाता है। गुरु भक्ति और शासन प्रभावना के हर कार्य में यह परिवार सदैव तत्पर रहता है.